आंखों पर पट्टी बांधकर करेंगी एक्शन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिनकी एक्टिंग का हर कोई दीवाना है। तापसी ने अबतक कई शानदार फिल्में दी है, जिनमें उन्होंने अपने अभिनय का दमखम दिखाया है। यही वजह है कि तापसी जल्द ही नई फिल्मों में दिखने वाली हैं। इन्हीं में से तापसी इन दिनों अपनी फिल्म 'गांधारी' को लेकर चर्चा में चल रही हैं। इस फिल्म को लेकर अब एक नया अपडेट आया है।

तापसी जल्द ही गांधारी नाम की फिल्म में दिखने वाली हैं। फिल्म को लेकर तापसी पन्नू ने कड़ी मेहनत की है। ये फिल्म एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होने वाली है। फिल्म के लिए तापसी ने कड़ा एक्शन किया है तो इसके पीछे मेहनत भी है। फिल्म की सबसे दिलचस्प बातों में से एक यह है कि तापसी आंखों पर पट्टी बांधकर एक्शन सीक्वेंस करती हैं, जो ताकत, समझ और पक्के इरादे पर बने कैरेक्टर में चैलेंज की एक और लेयर जोड़ता है। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। दरअसल, तापसी पन्नू का जो कैरेक्टर है, वो महाभारत की गांधारी से ही इंस्पायर्ड है। एक सूत्र के मुताबिक, तापसी पन्नू की गांधारी को महाभारत से प्रेरित एक मॉडर्न जमाने का इंटरप्रिटेशन कहा जा सकता है। जिस तरह से महाभारत में गांधारी का कैरेक्टर एक समर्पित पत्नी और मां के रूप में एक अहम और दिलचस्प जगह रखता है। कुछ उसी कैरेक्टर से तापसी का किरदार इंस्पायर्ड बताया जा रहा है और उम्मीद है कि फिल्म तापसी के कैरेक्टर के जरिए उनमें से कुछ थीम पर आज के जमाने का नजरिया दिखाएगी। अब ये आपको पता ही है कि, महाभारत में, गांधारी को धृतराष्ट्र की समर्पित पत्नी और कौरवों की मां के रूप में जाना जाता है। उनके पति दृष्टिहीन थी, तो ऐसे में उन्होंने भी अपने पति के लिए खुद की आंखों पर पट्टी बांध ली।



हॉलीवुड मसाला



लुक और हुलिए को लेकर छिड़ गई बहस

लॉस एंजिल्स। 'ए वेन्सडे' फेम जेना ओर्टेगा हाल ही में एस्क्वायर की 'हाउ आई गॉट हियर' सीरीज में नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक चाइल्ड एक्टर से हॉलीवुड की सबसे बड़े युवा स्टार्स में से एक बनने तक के अपने सफर के बारे में बात की। लेकिन, इसी दौरान उनके लुक और हुलिए को लेकर बहस छिड़ गई और फैंस एक्ट्रेस की सेहत को लेकर चिंता जताने लगे। कुछ व्यूअर्स ने दावा किया कि जेना ओर्टेगा बहुत दुबली लग रही हैं और सेहत के लिए चिंता जताने लगे। जेना ओर्टेगा ने इंटरव्यू में इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर काम करते समय कभी-कभी वह पूरे दिन कुछ भी खाती-पीती नहीं थीं।



मेंटल हेल्थ स्टार्टअप को लेकर लगे गंभीर आरोप

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस सेलेना गोमेज के मेंटल हेल्थ स्टार्टअप वंडरमाइंड ग्लोबल में निवेश करने वाले कुछ लोगों ने उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया है। निवेशकों का आरोप है कि सेलेना गोमेज ने कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए जो जिम्मेदारियां ली थीं, उन्हें पूरा नहीं किया। रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों ने कंपनी में करीब 12 लाख डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपए) लगाए थे। अब उन्होंने अपना पैसा वापस दिलाने के साथ-साथ कानूनी खर्च की भरपाई की भी मांग की है। वंडरमाइंड ग्लोबल की शुरुआत साल 2021 में हुई थी। इसका मकसद लोगों को अपनी मानसिक सेहत और 'मेंटल फिटनेस' बेहतर करने में मदद करना था। मुकदमे में निवेशकों ने दावा किया है कि उन्हें बताया गया था कि सेलेना कंपनी के मार्केटिंग हेड के तौर पर इसके विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। उनका कहना है कि कंपनी के लिए एक मोबाइल ऐप तैयार करने समेत कई काम किए जाने थे, लेकिन ये वादे पूरे नहीं हुए।



फिल्मी थीम पर मनाया 31वां जन्मदिन

मुंबई। सारा अली खान ने 12 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाया। वे 31 वर्ष की हो गई हैं। अभिनेत्री ने बड़े ही धूमधाम से जन्मदिन सेलिब्रेट किया, जिसकी थीम एकदम फिल्मी रही। केक से लेकर डेकोरेशन तक, हर चीज में एक्टिंग और फिल्मी दुनिया की झलक दिखी। सारा ने तस्वीरें फैंस के साथ साझा की हैं। सारा अली खान ने जन्मदिन के दो दिन बाद शुक्रवार को सेलिब्रेशन की तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों से पता चल रहा है कि एक्ट्रेस के स्पेशल दिन पर 'सारा कार्निवल' आयोजन किया गया। तस्वीरों में वे अपने भाई इब्राहिम अली खान और मां अमृता सिंह के साथ पोज देती दिख रही हैं। सारा अली खान के बर्थडे सेलिब्रेशन में दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया भी नजर आईं। तस्वीरों में उन्हें भी सारा के साथ पोज देते देखा जा सकता है। सारा अली खान ने अपने बर्थडे पर पैरेट ग्रीन कलर का वन पीस पहना।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में लक्ष्य की एंट्री

मुंबई। किल, चांद मेरा दिल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुके लक्ष्य इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लक्ष्य राख फेम निर्देशक प्रोसित रॉय की फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनकी एंट्री हो गई है। यह रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म बताई जा रही है, जो साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, करण जौहर ने राख के डायरेक्टर प्रोसित रॉय को एक अनोखी साइकोलॉजिकल लव स्टोरी डायरेक्ट करने के लिए साइन किया है। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने वाली है। इसी में एक नया अपडेट यह है कि फिल्म में एक्टर लक्ष्य की एंट्री हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रोसित ने हाल ही में लक्ष्य को फिल्म की कहानी सुनाई और एक्टर को रोमांस का यह अनोखा अंदाज बहुत पसंद आया। लक्ष्य ने 'किल' में अपनी दमदार अदाकारी के लिए खूब तारीफें बटोरीं।

टीवी मसाला



पहले ही दिन द ट्रेटर्स 2 से आउट हुए मुनव्वर, को-कंटेस्टेंट्स पर निकाली भड़ास

नई दिल्ली। 21 कंटेस्टेंट्स के साथ द ट्रेटर्स के नए सीजन की शुरुआत हुई। इंट्रोडक्शन के वक्त ही दलीप ताहिल को शो से बाहर होना पड़ा और 20 लोगों की एंट्री हुई थी। मगर अब शो से पहले ही दिन एक और मजबूत खिलाड़ी भी बाहर हो गया। यह मजबूत खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि मुनव्वर फारूकी हैं। शो में ज्यादातर कंटेस्टेंट्स ने उन्हें 'ट्रेटर' (गद्दार) होने का शक किया और फिर उन्हें एलिमिनेट होना पड़ा। शो से पहले ही दिन बाहर होने पर वह इमोशनल हो गए। साथ ही उन्होंने को-कंटेस्टेंट्स को 'इनसिक्योर' बताया। द ट्रेटर्स सीजन 2 से निकलने के बाद मुनव्वर फारूकी से जब होस्ट करण जौहर ने पूछा कि क्या वह वाकई गद्दार हैं या निर्दोष? तब स्टैंडअप कॉमेडियन ने खुद को निर्दोष बताकर उन्हें आउट करने वालों पर गुस्सा निकाला है। उन्होंने कहा- मैं गेम खेल रहा था। मैं इसे अच्छे से खेलना चाहता था। मैं एक मासूम हूं। बकवास। इनसिक्योर लोगों का ग्रुप। उन्होंने सोचा कि मैं उन्हें यहां खा जाऊंगा (उन पर भारी पड़ूंगा)। वे सभी डरे हुए हैं। अब पहचानिए कि आपमें से कौन (गद्दार) है। मुनव्वर फारूकी को ज्यादातर कंटेस्टेंट्स ने गद्दार बताया जिसके चलते उन्हें आउट होना पड़ा। हालांकि, असल में वह गद्दार नहीं बल्कि निर्दोष थे। शो में असल में तीन गद्दार थे जिनमें आदित्य कुलश्रेष्ठ उर्फ कुल्लू, क्रिस्टल डिसूजा और हरमन सिंघा थे। दूसरे एपिसोड में शाहनील गिल को चौथे गद्दार के तौर पर शामिल किया गया। मालूम हो कि द ट्रेटर्स सीजन 2 इस वक्त ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है।

एकता के नए टीवी शो में नजर आएगी गौरव और श्रद्धा की जोड़ी

नई दिल्ली। टीवी एक्टर गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या जल्द ही एक नए शो में साथ नजर आ सकते हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों एक्टर्स एकता कपूर के आने वाले रोमांटिक फैमिली ड्रामा में लीड रोल निभा सकते हैं। हालांकि, यह प्रोजेक्ट



अभी शुरुआती स्टेज में है और मेकर्स ने अभी तक कास्ट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन इस जोड़ी के बारे में सुनकर ही टीवी दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। यह दोनों एक्टर्स की डेली सोप में शानदार वापसी होगी। आने वाली सीरीज को एक रोमांटिक फैमिली ड्रामा के तौर पर प्लान किया जा रहा है, जिसमें रिश्तों और परिवार के आपसी समीकरण की कहानी दिखाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट को एकता कपूर के प्रोडक्शन हाउस 'बालाजी टेलीफिल्म्स' द्वारा डेवलप किया जा रहा है और अभी इसके लिए कास्टिंग का काम चल रहा है। ऐसी भी चर्चा है कि यह नया शो आगे चलकर उस टाइम स्लॉट की जगह ले सकता है, जहां अभी स्मृति ईरानी का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' चल रहा है।

15 अगस्त पर हर कोई ढूंढता है ये देशभक्ति गाना

नई दिल्ली। एक तरफ जहां बॉलीवुड में मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, किशोर कुमार, मुकेश जैसे बेहतरीन गायक हैं। वहीं कुछ ऐसे सिंगर्स भी हैं, जिन्हें वो पहचान नहीं मिली जिसके वो काबिल थे। हम बात कर रहे हैं भारतीय सिनेमा के एक ऐसे नगीने की जिन्हें देशभक्ति की आवाज माना जाता था। मनोज कुमार ने बॉलीवुड को कई ऐसे दमदार गाने दिए जो आज भी इस राष्ट्रीय पर्व की पावन बेला पर हर कार्यक्रम में जरूर बजते हैं। मेरे देश की धरती सोना उगले, है प्रीत जहां की रीत सदा और अब के बरस तुझे धरती की रानी उनके कुछ पॉपुलर गाने हैं जिन्हें भुला पाना बेहद मुश्किल है।



मनोज कुमार के इस गाने के बिना अधूरा है आजादी का संकल्प

लता के साथ भी गाए कई गानें

आशा भोंसले और लता मंगेशकर के साथ उनके डूएट गाने बेहद लोकप्रिय हुए। फिलहाल आज हम बात कर रहे हैं महेंद्र कपूर के सबसे खूबसूरत गाने 'दुल्हन चली' के बारे में। यह गाने फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का है और इसे मनोज कुमार के ऊपर फिल्माया गया है। इंदीवर ने इसके लिरिक्स लिखे थे। इस गाने में आजादी को एक दुल्हन की तरह दिखाया गया है, इसलिए ये अन्य देशभक्ति गीतों से एकदम अलग गाना है।

56 साल पहले रिलीज हुआ था गाना

गाने के बोल तीन रंग की चोली का मतलब तिरंगा झंडा से है, जिसे गीतकार ने दुल्हन की तरह परिभाषित किया है। कल्याण जी- आनंद जी का संगीत और मनोज कुमार और सायरा बानो की अदाकारी ने इसमें खूब रस घोला। ये गाना आज भी जब बजता है तो दिल में सरफरोशी की तमन्ना जागने सी लगती है। इस गीत के बिना आज भी स्वतंत्रता दिवस का सेलिब्रेशन अधूरा है। महेंद्र कपूर ने हिंदी के अलावा पंजाबी, मराठी और गुजराती फिल्मों में भी अपनी आवाज का जादू बिखेरा। मराठी सिनेमा में वे प्रसिद्ध अभिनेता दादा कोंडके की आधिकारिक आवाज बन गए थे और वहां उन्होंने बेहद चुलबुले और लोक संगीत पर आधारित गाने गाए।

स्वतंत्रता दिवस पर इन गानों से मनाएं आजादी का जश्न, देशभक्ति से भर जाएगा माहौल

नई दिल्ली। 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास होता है। इस दिन देशभर में आजादी का जश्न मनाया जाता है और हर तरफ देशभक्ति का माहौल देखने को मिलता है। बॉलीवुड ने भी कई ऐसे गाने दिए हैं, जिन्हें सुनते ही दिल में देश के लिए प्यार और गर्व की भावना जाग उठती है। ऐसे में इस स्वतंत्रता दिवस पर आप इन शानदार देशभक्ति गानों के साथ आजादी का जश्न मना सकते हैं।

मिट्टी के बेटे

बॉर्डर 2 का गाना मिट्टी के बेटे को दर्शकों का खूब प्यार मिला। ये गाना जवानों के बलिदान और उनकी बहादुरी को समर्पित है। सोनू निगम की आवाज में ये गाना फौजियों के लिए सम्मान और देश के लिए गर्व की भावना को और मजबूत करता है। इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं।



तेरी मिट्टी

अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी' का 'तेरी मिट्टी' देशभक्ति के सबसे पसंदीदा गानों में से एक है। बी प्राक की आवाज में गाया गया ये गाना एक जवान के उस जज्बे को दिखाता है, जहां देश उसके लिए हर रिश्ते से ऊपर होता है। गाने के बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं और फिल्म में परिणीति चोपड़ा भी नजर आई थीं।

ऐ वतन

आलिया भट्ट स्टारर 'राजी' का 'ऐ वतन' देश के लिए प्यार और जज्बे को बखूबी दिखाता है। सुनिधि चौहान की आवाज में गाया गया ये गाना गुलजार और अल्लामा इकबाल की लिखी पंक्तियों से सजा है। गाने में एक देशभक्त की अपने वतन के लिए दुआ और भावनाएं सुनने को मिलती हैं।

देश रंगीला

आमिर खान और काजोल की फिल्म 'फना' का 'देश रंगीला' आज भी देशभक्ति के खास मौकों पर खूब सुनाई देता है। खासकर स्कूल और कॉलेज के इवेंट्स में इस गाने की धुन अक्सर सुनने को मिलती है।

फिर भी दिल है हिंदुस्तानी

शाहरुख खान और जूही चावला की फिल्म 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' का टाइटल ट्रैक भारत की खूबसूरती और यहां के लोगों की खासियत को अंदाज में दिखाता है। उदित नारायण की आवाज और जावेद अख्तर के बोल इस गाने को एक अलग ही अंदाज देते हैं।

चक दे इंडिया

शाहरुख खान की फिल्म 'चक दे! इंडिया' का टाइटल ट्रैक सुनते ही जोश अपने आप बढ़ जाता है। सुखविंदर सिंह, सलीम मर्चेंट और मारियाना डिकूज ने इसे गाया है, जबकि इसके बोल जयदीप साहनी ने लिखे हैं। ये गाना आज भी लोगो के बीच काफी पॉपुलर है।

हजारों की भीड़ में गूंजा था 'जय हिंद'

63 साल पहले लता ने गाया था सबसे यादगार देशभक्ति गीत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा की महान गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को याद किया जाता है। अपने 6 दशक से लंबे सिंगिंग करियर के दौरान सुरों की कोकिला ने कई शानदार गीत गाए थे। देशभक्ति गीतों में भी लता दीदी की आवाज काफी गूजी थीं। इस आधार पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर को मद्देनजर रखते हुए आज हम आपको लता मंगेशकर द्वारा गाए सदी के सबसे यादगार देशभक्ति गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे 63 साल पहले रिलीज किया गया था। खास बात ये थी कि ये गाना किसी फिल्म से नाता नहीं रखता है।



यह गाना किसी फिल्म से नहीं रखता नाता

जब कोई राष्ट्रीय पर्व आता है, तो देश के उन वीर शहीद जवानों को याद किया जाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपनी प्राण न्योछावर कर दिए थे। उनके सम्मान और याद में गायिका लता मंगेशकर ने 63 साल पहले एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान हजारों की भीड़ के सामने एक ऐसा देशभक्ति गीत गाया था, जो आज के जमाने में भी कल्ट क्लासिक बना हुआ है। इस गाने के बोल हैं- ऐ मेरे वतन के लोगों... ।

दिल्ली के राष्ट्रीय स्टेडियम में गाया था

इस गाने को लता मंगेशकर ने 27 जनवरी 1963 को राजधानी दिल्ली के राष्ट्रीय स्टेडियम में गाया था। लता दीदी का ये देशभक्ति भारतीय सेना के उन शहीदों की शहादत के लिए बनाया गया था, जिन्होंने 1962 में चीन के खिलाफ सैन्य युद्ध में अपने देश के प्रति बलिदान दिया था। ऐ मेरे वतन के लोगों... को लता मंगेशकर की आवाज के लिए संगीतकार के मधुर संगीत के लिए भी जाना जाता है, जिसे म्यूजिसियन सी. रामचंद्र ने दिया था। इसके अलावा इस अद्भुत गीत के लिरिक्स गीतकार कवि प्रदीप की कलम से निकले थे। 15 अगस्त के मौके पर इस देशभक्ति गीत की गूंज हर तरफ सुनाई देती है।

रोने लगे थे देश के प्रधानमंत्री

लता मंगेशकर द्वारा गाए गए ऐ मेरे वतन के लोगों... गीत काफी इमोशनल देशभक्ति गीत भी माना जाता है। कहा ये भी जाता है कि जब लता दीदी ने राष्ट्रीय स्टेडियम में ये गाना गाया था, तो उस वक्त वहां मंच पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू भी मौजूद थे और ये गीत सुनकर उनकी भी आंखें नम हो गई थीं।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. ओम माखीजा
M.B.B.S., M.S., M.C.H. (Mumbai)
Laparoscopic Surgeon



डॉ.संजय ढंढारिया
MBBS, MS
FACRSI, FIAGES, FACS(USA), FAIS, FISCP, FCGP
श्री सांई कृपा हॉस्पिटल
तेलीपारा, सरजू बगीचा रोड, बिलासपुर



डॉ. ललित माखीजा
एम.एस., मोतियाबिंद फेको सर्जन एवं
लेसिक लेजर विशेषज्ञ
डायरेक्टर - विनायक नेत्रालय, बिलासपुर



डॉ. प्रतिभा माखीजा
MBBS, MD, DRM, FMAS, FICOG
Diploma in Reproductive Medicine & Embryology (Germany)
Consultant in Assisted Reproduction & Gynaec Endoscopic Surgeon



डॉ. एकता साहू
Director of Radiance Aesthetic clinic
Unit of Uday Children hospital
MBBS,DVD,PGDCC,
Masters in skin Boosters
Fellowship in Aesthetic Medicine



डॉ. आशीष मूंदड़ा
एम.बी.बी.एस. (डी. ऑर्थो)
अस्थि रोग विशेषज्ञ



डॉ. राजेश यादव
(B.P.T.)
डायरेक्टर - न्यू जनता हॉस्पिटल



डॉ. रजनीश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (मेडिसिन)
एफ. आई. एस. एन. (न्यूरोलॉजी)
डायरेक्टर - प्रथम हॉस्पिटल, बिलासपुर



डॉ. अभिनव साहू
डी.सी.एच. (केएमसी, मनीपाल)
डी.एन.बी. (नई दिल्ली) फेलो इन पीडियाट्रिक ऐपीलेप्सी (मुम्बई)
पीडियाट्रिक ऐपीलेप्सी में विशेष प्रशिक्षण (USA)
बच्चों में होने वाली मिर्गी एवं मिर्गी संबंधित श
बीमारियों में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त

न्यू जनता हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेंटर
New Janta Hospital & Trauma Centre

विशाल रियायती एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर (SPECIAL MEDICAL CAMP)

100% मुफ्त सेवाए (FREE)
- हड्डी एवं जोड़ रोग परामर्श Orthopedic Consultation
- नर्सों एवं दिमागी रोग परामर्श Neurology Consultation
- महिला एवं प्रसूति रोग परामर्श Gynecology Consultation
- फिजियोथेरेपी सलाह Physiotherapy Consultation
- डाइट और पोषण सलाह Dietician Consultation

ECG बिल्कुल मुफ्त
दिल की सुरक्षा के लिए नि:शुल्क जाँच

नाममात्र शुल्क (NOMINAL CHARGES)
- हृदय रोग परामर्श (Cardiology) Specialist Cardiology Consultation
- जनरल मेडिसिन परामर्श General Medicine Consultation
- शुगर (डायबिटीज) जाँच व परामर्श Sugar Check-up & Consultation

50% की भारी छूट (HALF PRICE)

रूटीन ब्लड टेस्ट्स पर 50%
सभी प्रकार की खून की सामान्य जाँच पर आधी छूट

डिजिटल X-Ray पर 50%-
एक्स-रे कराने पर भी आधी फीस की छूट

24 घंटे आपातकालीन सेवा | अत्याधुनिक पैथोलांजी व डिजिटल X-Ray | 24 घंटे मेडिकल स्टोर उपलब्ध

सीमित समय का ऑफर! आज ही न्यू जनता हॉस्पिटल आकर इस विशेष स्वास्थ्य छूट का लाभ उठाएं।

अस्पताल का पता:
व्यापार विहार मेन रोड, डोमिनोज़ पिज्जा के बगल में, बिलासपुर

तुरंत संपर्क करें (रजिस्ट्रेशन हेतु) :
07752-474545
07752-474848



श्री कृष्ण हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का मल्टी एण्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- प्रसूतिगृह एवं स्त्री रोग विभाग
- एक्सीडेंटल केयर यूनिट
- एडवांस डायलिसिस की सुविधा
- एडवांस ऑपरेशन थियेटर
- जनरल फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर
- किडनी एवं मूत्र रोग विभाग
- छाती, दमा श्वांस एवं टी.बी. रोग विभाग

Happy Independence Day

24/7 एम्बुलेंस सुविधा

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत और डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना के द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
07752-270009, 7898759700 #MGR

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
आदर्श कृषि उपज मंडी समिति
मुंगेली

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
समस्त ठेकेदार
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मुंगेली
समस्त इंजीनियर एवं स्टाफ
ग्रमीण यांत्रिकी सेवा मुंगेली

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
मनियारी
जल संसाधन संभाग
जिला-मुंगेली

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

छत्तीसगढ़ ग्रामीण
प्रधानमंत्री सड़क योजना मुंगेली

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
समस्त ठेकेदार
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
विभाग मुंगेली

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
वनमंडलाधिकारी
मुंगेली

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

दीनानाथ केशरवानी
अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी
मुंगेली

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

हेमेन्द्र गोस्वामी
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मुंगेली

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
खाद्य विभाग
मुंगेली

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
आबकारी विभाग, मुंगेली

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
महिला एवं बाल विकास विभाग, मुंगेली

वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास विभाग
मुंगेली

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

उमाशंकर साहू
सभापति
जिला पंचायत मुंगेली


श्रीमती दुर्गासाहू
भाजपा नेत्री

संकलनकर्ता : जयकुमार ताम्रकार, हरिभूमि प्रतिनिधि, मुंगेली


समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
वंदे मातरम्

दिलीप लहरिया
विधायक मस्तूरी विधानसभा

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

अहमद मोमिन
एम.डी.
मल्टीपरपज हा.से.
स्कूल खम्हरिया

बलराम यादव
प्रिंसपल
मल्टीपरपज हा.से.
स्कूल खम्हरिया


समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

श्रीमती श्वेता शैलेंद्र खांडेकर
अध्यक्ष
सरपंच संघ सीपत क्षेत्र

शैलेन्द्र खांडेकर
सरपंच प्रतिनिधि
खम्हरिया

लखन लाल सूर्यवंशी
सचिव

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

श्रीमती सरिता साहू
सरपंच


जितेन्द्र कुमार नायक
सचिव
ग्राम पंचायत कौंडिया

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

श्रीमती मनीषा योगेश वंशकार
सरपंच

श्रीमती श्यामा शशिकांत साहू
उप सरपंच

हेमंत पटेल
सचिव

योगेश वंशकार
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सीपत

संकलनकर्ता : प्रदीप पांडेय, हरिभूमि प्रतिनिधि, सीपत

14- AUG- BSP- P- 15 FULL_Layout 1 8/15/2026 4:30 AM Page 1

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती निकिता घृतलहरें
जनपद सदस्य धरमपुरा (मुंगेली)
राजा घृतलहरें
जनपद सदस्य प्रतिनिधि
धरमपुरा (मुंगेली) मो. 9349742140

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
भूपेन्द्र (गोलू) शर्मा
महामंत्री भाजपा यु.मो.
भाजपा युवा मोर्चा मुंगेली (ग्रामीण)

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
तारिणी विश्वकर्मा
अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी जरहागाँव

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीकांत पाण्डेय
अध्यक्ष
जिला पंचायत मुंगेली
पवन पाण्डेय
सभापति
जनपद पंचायत मुंगेली
भुनेश्वरी देवी साहू
सरपंच
भथलीकला
मुकेश जायसवाल

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सुनीता बजरंग सिंह राजपूत
सरपंच
ग्राम पंचायत सोढ़ार (मुंगेली)
26 JANUARY 2026
बजरंग सिंह राजपूत
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सोढ़ार (मुंगेली)

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मन्नू साहू
परिक्षेत्रिय साहू संघ धरमपुरा
तह. जरहागांव जिला मुंगेली
पूर्व जनपद सदस्य मुंगेली

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती रानू साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत बरदूली
तुकाराम साहू
सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बरदूली

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती रानी गोस्वामी
सरपंच
ग्राम पंचायत धरमपुरा
अजय गोस्वमी
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत धरमपुरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमति रोहिणी द्वारिका श्रीवास
सरपंच ग्राम पं. खेढ़ा

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमति ललिता अनंत
सरपंच ग्राम पंचायत सेमरसल
रामभरोस साहू
सचिव ग्राम पंचायत सेमरसल
राजकुमार अनंत
सरपंच प्रतिनिधि सेमरसल

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सुषमा कोशले
सरपंच - ग्राम पंचायत हथनीकला
प्रीतम कोशले
सरपंच प्रतिनिधि - ग्राम पंचायत हथनीकला

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लक्ष्य लक्ष्मीचंद गोदढा मोहले
सरपंच, ग्राम पंचायत दशरंगपुर
रिखीराम साहू
उपसरपंच, ग्राम पंचायत दशरंगपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
कुमार राज कश्यप
राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रभारी छ.ग.
मानवधिकारी सहायता संस्थान भारत
महासभा एवं अपाक्स कर्म./ अधिकारी संगठन
टेकलाल पटेल
सरपंर प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सेमरचुवा

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रामस्नेही कश्यप
अध्यक्ष - सेवा सह. समिति मर्या.
पदमपुर प.क्र. 510
टेकलाल कश्यप
संस्था प्रबंधक
सेवा सह. समिति मर्या. पदमपुर प.क्र. 510

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
प्रहलाद साहू
उपसरपंच- ग्रा. पं. कोना
हेमलाल साहू
सचिव- ग्रा. पं. कोना
पंचगण-ऋषि दीवान, सुनीता साहू, भगवती दीवान,
सरोजनी साहू, विनय यादव, प्रमिला धिर्रे, डिकेश जोशी
अंजू मोहले, अनुसुईया साहू, तिलेश्वरी यादव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत कोना
राजकुमार सोनवानी
सरपंच- ग्रा. पं. कोना

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रानी जायसवाल
सरपंच
ग्राम पंचायत ठकुरीकापा , मुंगेली
नागेश्वर बंटी जायसवाल
अध्यक्ष
भाजपा मंडल जरहागाँव

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शिवकुमार साहू
अध्यक्ष - प्रा. कृषि साख सह.
समिति मर्या.धनगांव (गो) प.क्र. 92
प्रदीप साहू
कंप्यूटर ऑपरेटर
धनगांव
गोकुल कश्यप
प्रबंधक - प्रा. कृषि साख सह. समिति
मर्या. धनगांव (गो) प.क्र. 92

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
घनश्याम यादव
अध्यक्ष - सेवा सहकारी समिति
मर्या. भठलीकला प.क्र. 513
हरदयाल चंद्राकर
संस्था प्रबंधक
सेवा सहकारी मर्या. भठलीकला प.क्र. 513

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
महामाया स्टूडियो
गांधीनगर , कुआगांव जिला पंचायत
के पास अक्षय कश्यप

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
राहुल जायसवाल
संस्था प्रबंधक - सेवा सहकारी
समिति दशरंगपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रमोद ध्रुव
शिक्षक मुंगेली

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
अभय सोनवानी
पूर्व सरपंच प्र.
ग्राम पंचायत पीथमपुर मुंगेली

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
प्रखर शर्मा

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
जायसवाल कृषि केन्द्र
छतौना, जरहागांव
प्रो. दौलत जायसवाल
मो. 989392304

संतोष खाण्डे
सरपंच ग्राम पंचायत डोमनपुर
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता - अमरचंद शर्मा
हरिभूमि प्रतिनिधि धरमपुरा, मुंगेली, मो. 98267-56862

खबर संक्षेप

विहिप ने मोहन को बनाया जिला प्रचार प्रमुख

बिलासपुर। विश्व हिंदू परिषद बिलासपुर जिला ने संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता मोहन होनप को जिला प्रचार प्रमुख का दायित्व सौंपा है। विहिप पदाधिकारियों ने कहा कि मोहन होनप के अनुभव, सक्रियता और समर्पण से संगठनात्मक कार्यों को नई गति मिलेगी। जिला प्रचार प्रमुख के रूप में वे संगठन की गतिविधियों, सेवा कार्यों, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी संभालेंगे।



हल्द्वानी की घटना के विरोध में कांग्रेस ने किया पैदल मार्च, सत्याग्रह



बिलासपुर। हल्द्वानी की घटना के विरोध में आक्रोशित कांग्रेसजनों ने शुक्रवार को अंबेडकर चौक तक पैदल मार्च, सत्याग्रह किया। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा की दलित विरोधी नीति देश के सामने उजागर हुई है। राइट विंग संगठन द्वारा हाल ही हल्द्वानी में आयोजित कांग्रेस की रैली स्थल पर गंगाजल से तथाकथित शुद्धिकरण का अनुष्ठान किया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अत्यंत स्तब्धकारी बात यह है कि यह कृत्य इस आधार पर किया गया कि मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति से वह स्थल राइट विंग संगठन अनुसार अपवित्र हो गया था और इसलिए इसका शुद्धिकरण किया गया। यह अत्यंत घृणित कृत्य भाजपा द्वारा पोषित की जा रही मूलतः भेदभावपूर्ण मानसिकता का स्पष्ट प्रतिबिंब है और उनके नेतृत्व द्वारा लगातार आगे बढ़ाई जा रहे प्रतिगामी और विभाजनकारी मार्ग को उजागर करती है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के मार्गदर्शन में बिलासपुर जिला अध्यक्ष शहर सिद्धांशु मिश्रा एवं बिलासपुर जिला अध्यक्ष ग्रामीण महेंद्र गंगोत्री के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर द्वारा 14 अगस्त को शाम 4 बजे आक्रोश मार्च एवं सत्याग्रह किया गया।

जीडीसी में हम और हमारे रिश्ते पर डा. प्रमिला ने दिया व्याख्यान



बिलासपुर। शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में हम और हमारे रिश्ते विषय पर डा. प्रमिला राहलकर का व्याख्यान आयोजित किया गया। एलुमनी एसोसिएशन, शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्राध्यापिका डा सीमा मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डा. राहलकर ने बताया कि व्यक्तित्व के अंतर्गत इमेज को प्रभावशाली बनाने में संप्रेषणीयता 7 प्रतिशत, संभाषण 38 प्रतिशत तथा शारीरिक हाव–भाव 55 प्रतिशत'' का योगदान रहता है। अतः विद्यार्थियों को इंटरव्यू के परिप्रेक्ष्य में इन सभी पहलुओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहले तीन सेकंड में ही व्यक्तित्व का प्रभाव पड़ता है। अपने विश्लेषण के दौरान उन्होंने वीडियो के माध्यम से छात्राओं को यह भी संदेश दिया कि जीवन में आशा का दामन कभी नहीं छोड़ना चाहिए। परिस्थितियाँ कितनी भी विषम क्यों न हों, हमें हार नहीं माननी चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय एलुमनी समिति के सदस्य डा. सुषमा घई, डा. मधुलिका सिन्हा, डा. रश्मि पटेल, डा. तृप्ति टंडन, श्रद्धा दास, संगीता शुक्ला, एलुमनी की अध्यक्षा डा सत्यभामा अवस्थी, बबीता दुबे, मंजू माधुरी बाजपेयी, निशा तिवारी डा. मनीषा गुप्ता, मोनिका श्रीवास्तव, कावेरी दाभाड़कर, बी. आर. चौधरी आदि मौजूद थे।

निधन

सुशीला रजक

बिलासपुर। ओम नगर जरहाभाठा जतियातालाब के पास रहने वाली सुशीला रजक का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 15 अगस्त को दोपहर साढ़े 12 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकालेगी। वे किशोर रजक की पत्नी और तुलसी व सनी की मां थीं।



दिलीप कुमार सूर्यवंशी

बिलासपुर। आजाद चौक मंगला निवासी दिलीप कुमार सूर्यवंशी का 11 अगस्त को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। इनका अंतिम संस्कार ग्राम मंगला के मुक्तिधाम मे किया गया। वे हर्ष सूर्यवंशी व आयुष सूर्यवंशी की पिता थे।



वहीदुर्हमान शाह

बिलासपुर। तालापारा पीपल चौक निवासी वहीदुर्हमान शाह कोन्डागांव के डिप्टी कलेक्टर का 14 अगस्त को शाम 7 बजे इंतकाल हो गया। वे 58 वर्ष के थे। उनकी मैय्यत 15 अगस्त जोहर बाद 3 बजे तालापारा से मरीमाई कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे स्व. मोहम्मद शाह के पुत्र एवं महमूद शाह के भाई थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



रामकुमारी दुबे

सकरी। नगर की प्रतिष्ठित नागरिक रामकुमारी दुबे का 80 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संदीप दुबे की माता एवं ध्रुव कुमार दुबे की भाभी थीं।



उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश | **आखिरी तिथि समझकर मची रही प्रवेश की मारामारी**

यूनिवर्सिटी, कालेजों में एडमिशन की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार कालेजों में 14 अगस्त एडमिशन के लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। इसलिए आखिरी दिन समझकर कालेजों में एडमिशन के लिए मारामारी मची रही और शाम तक कालेजों में एडमिशन देने की प्रक्रिया चलती रही। वहीं देर शाम शासन ने यूनिवर्सिटी व कालेजों में एडमिशन की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाए जाने का आदेश जारी कर दिया।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जो प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जारी किया गया है, उसके अनुसार कालेजों में प्राचार्य स्तर पर 31 जुलाई तक एडमिशन दिया जाना था। इसके बाद कालेजों में सीटें रिक्त रहने की स्थिति में यूनिवर्सिटी के कुलपति के अनुमति से 14 अगस्त तक एडमिशन देना है। इसके लिए कुलपति की ओर से कालेजों को प्राचार्यों को अधिकृत कर दिया गया था। शुक्रवार को एडमिशन के आखिरी दिन कालेजों में एडमिशन लेने के लिए मारामारी मची रही और जो छात्र-छात्राएं अभी तक किसी वजह से एडमिशन नहीं ले पाएं थे वे एडमिशन लेने कालेजों में पहुंचे थे।

कालेजों में शाम तक रिक्त सीटों पर एडमिशन देने की प्रक्रिया चलती रही। लेकिन अभी भी बहुत से विद्यार्थी एडमिशन नहीं ले पाएं और कालेजों में सीटें भी रिक्त रह गई है। इसलिए छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने शुक्रवार देर शाम एडमिशन की तिथि बढ़ाए जाने का आदेश जारी कर दिया। अब 31 अगस्त तक यूनिवर्सिटी, कालेजों में रिक्त सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा।

चार बार निकाली गई प्रवेश लिस्ट

अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन के आधार पर कालेजों द्वारा तीन-चार बार मेरिट लिस्ट निकाली जा चुकी है। इसके लिए कालेजों में पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को जारी की गई थी, जिस पर 8 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। उसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को निकाली गई, जिसमें 15 जुलाई तक एडमिशन चला। इसके बाद कालेजों द्वारा तीसरी मेरिट लिस्ट 17 जुलाई को निकाली गई थी, जिस पर अभी एडमिशन चल रहा है। इसके बाद 25 जुलाई को चौथी मेरिट लिस्ट निकाली गई, जिसके अनुसार 31 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। इसके बाद भी कुलपति के अनुमति से 14 अगस्त तक रिक्त सीटों पर एडमिशन मौका दिया गया था जो अब 31 अगस्त तक बढ़ गया है।



आटोनामस कालेजों में स्थिति ठीक

गवर्नमेंट ई. राघवेन्द्र राव साइंस आटोनामस कालेज में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर मैथ्स ग्रुप की 70 फीसदी सीटें भर गई है। इसी तरह बीएससी बायो ग्रुप की शतप्रतिशत सीटें फूल हो चुकी है। यहां स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी लगभग 95 प्रतिशत सीटें फूल हो चुकी है। गवर्नमेंट आटोनामस बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज जीडीसी में कुल 1850 सीटों में से डेढ़ हजार से अधिक सीटें फूल हो चुकी है जबकि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में कुछ-कुछ सीटें बच गई है।

विभाजन की त्रासदी पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी

एकता और अखंडता के संकल्प के साथ आगे बढ़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में 14 अगस्त को पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागार में जिला स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारत विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेली गई पीड़ा, विस्थापन और संघर्ष को स्मरण किया गया। विभाजन की त्रासदी पर आधारित प्रदर्शनी के माध्यम से उस दौर की भयावह परिस्थितियों को सामने रखा गया। वक्ताओं ने कहा कि 14 अगस्त केवल स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या नहीं, बल्कि उन लाखों लोगों की पीड़ा और संघर्ष को याद करने का दिन है, जिन्होंने विभाजन के दौरान अपना घर, परिवार, संपत्ति और जन्मभूमि तक छोड़ने का दर्द झेला।



पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागार में संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू।

देश की आजादी अनगिनत बलिदानों और संघर्षों के बाद मिली : तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने कहा कि देश की आजादी अनगिनत बलिदानों और संघर्षों के बाद मिली है। स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे वीरों ने देश को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। हमें उनके त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि 14 अगस्त केवल स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या नहीं, बल्कि देश के इतिहास की उस त्रासदी को याद करने का दिन है, जिसमें करोड़ों लोगों ने पीड़ा झेली। विभाजन के दौरान लोगों को अपना घर, परिवार, खेत-खलिहान और संपत्ति छोड़कर अनजान रास्तों पर विस्थापित होना पड़ा। अनेक परिवार बिछड़ गए और महिलाओं तथा बच्चों को भी अत्याचार एवं कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। हमें एकता के सूत्र में बंधकर राष्ट्र और समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि देश की आजादी स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। विभाजन की विभीषिका हमें देश की एकता और अखंडता का महत्व समझाती है।

रेलवे का नया सेफ्टी प्लान

एआई कैमरा रखेगा क्रासिंग पर निगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे की ओर से लेवल क्रासिंग पर हादसों को रोकने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहयोग लेने का निर्णय लिया गया है। नॉन इंटरलॉवड लेवल क्रासिंग पर सोलर पावर से चलने वाले एआई इनेबल्ड सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनकी लाइव फीड स्टेशन मास्टर और इंजीनियरिंग कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी। एआई सिस्टम गेट के ओपन रहने या तय समय पर बंद नहीं होने की स्थिति में तत्काल अलर्ट करने का काम करेगी।

- गेट ओपन रहने रेल प्रशासन को किया जाएगा अलर्ट

रेलवे नॉन इंटरलॉवर लेवल क्रासिंग बिना गेटमैन वाले रेलवे क्रासिंग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और हादसों को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई इनेबल्ड सर्विलांय कैमरे लगाने जा रहा है। इसका उद्देश्य ट्रेन को आगे बढ़ाने से पहले लेवल क्रासिंग गेट की स्थिति की रियल टाइम निगरानी सुनिश्चित करना है। फिलहाल नॉन इंटरलॉवड लेवल क्रासिंग पर नजदीकी रेलवे स्टेशन से ट्रेन को रवाना करने की अनुमति मिलने के बाद गेटमैन की जिम्मेदारी होती है कि वह क्रासिंग का गेट बंद और लॉक करे। इसके बाद वह प्रायवेट नम्बर के जरिए स्टेशन मास्टर को गेट बंद होने की पुष्टि करता है। रेल अफसरों के मुताबिक मौजूदा व्यवस्था से स्टेशन मास्टर को काफी हद तक गेटमैन की इस पुष्टि पर निर्भर रहना पड़ता है। गेट बंद हुआ है कि नहीं, इसकी स्वतंत्र रूप से जांच करने का कोई सीधा तरीका मौजूद नहीं है। इसी सुरक्षा खामी को दूर करने के लिए रेलवे सभी नॉन इंटरलॉवल लेवल क्रासिंग पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इनेवल्ड मॉडर्न सीसी टीवी कैमरे लगाने की तैयारी कर रही है। योजना के अनुसार नॉन इंटरलॉवड लेवल क्रासिंग पर लगाए जाने वाले सीसी टीवी कैमरे सौर ऊर्जा से चलेंगे। इनसे नजदीकी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर और इंजीनियरिंग कंट्रोल रूम को लाइव वीडियो फीड मिलेगी। इससे अधिकारी रियल टाइम में लेवल क्रासिंग की स्थिति देखकर ट्रेन को आगे बढ़ाने से पहले यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि गेट बंद है। इसके लिए एक और सिक्योरिटी लेयर सुनिश्चित करने के लिए जोनल रेलवे के जनरल मैनेजर को एआई बेस्ड अलर्ट सिस्टम शुरु करने निर्देश दिए गए हैं। इसमें जरूरी सिक्योरिटी प्रोटोकॉल और सिस्टम एकुरेट हो यह तय करने को भी कहा गया है। यह एआई सिस्टम गेट के ओपन रहने या निर्धारित समय के अंदर बंद नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को अलर्ट दे सकता है।

एबीवीपी के छात्रों ने सोरेन सरकार का पुतला फूंका

बिलासपुर। झारखंड में छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी इकाई द्वारा शुक्रवार को यूनिवर्सिटी मेनगेट के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए सोरेन सरकार का पुतला फूंका गया।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा झारखंड की सोरेन सरकार के ईशारे पर जेपीएससी और जेएसएससी में हुई धांधली के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया। विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने इस तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई के विरोध में यूनिवर्सिटी मेनगेट के सामने सोरेन सरकार का पुतला दहन किया और दमनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों का कहना है कि लोकतांत्रिक देश में अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग करना पूरी तरह से असंवैधानिक और निंदनीय है। विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक प्रदर्शन को दबाने का यह प्रयास राज्य सरकार की छात्र विरोधी मानसिकता को बेनकाब करता है। अखिल भारतीय यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष तुषार साहू का कहना है कि झारखंड सरकार अपनी विफलताओं और परीक्षाओं में हुई धांधली को छिपाने के लिए युवाओं पर लाठियां बरसा रही है। जेपीएससी और जेएसएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में पारदर्शिता मांगना कोई अपराध नहीं है। लोकतंत्र में अपनी न्यायसंगत मांगों के लिए आवाज उठाना छात्रों का संवैधानिक अधिकार है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ और उन पर किए गए अत्याचार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। छात्रों ने कहा कि युवाओं और छात्रों के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा और पीड़ितों को न्याय मिलने तक यह संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अन्य छात्र भी उपस्थित रहें।

मृत रेलकर्मियों के परिजन को भुगतान

बिलासपुर। शुक्रवार को बिलासपुर मंडल के कार्मिक विभाग ने एसबीआई द्वारा रेलवे सैलरी पैकेज अंतर्गत दिवंगत रेल कर्मचारी पूर्व टैक मेंटेनर स्वर्गीय मनहरण लाल कमल की धर्मपत्नी को 1 करोड़ 10 लाख रुपए और दिवंगत रेल कर्मचारी पूर्व ट्रैक मेंटेनर स्वर्गीय राज बहादुर थापा की धर्मपत्नी को 10 लाख की बीमा दावा राशि प्रदान की। रेलवे सैलरी पैकेज योजना का उद्देश्य रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजन को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी यूएसएस राव, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक इंचार्ज आलोक कुमार सक्सेना, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक राहुल मजूमदार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

धारदार हथियार के साथ पकड़े गए आरोपी

बिलासपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म और ट्रेनों में सघन अभियान चलाया गया। इसमें साउथ बिहार एक्सप्रेस में आने वाले यात्रियों की जांच के दौरान धारदार हथियार के साथ आरोपियों को पकड़ा गया, जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए तोरवा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

रेलवे बोर्ड के आदेश पर सभी स्टेशनों के साथ उसलापुर और बिलासपुर में भी आरपीएफ, जीआरपी और लोकल पुलिस की टीम मुम्बई, हावड़ा और कटनी रूट की ओर से आने वाली सभी ट्रेनों के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल और आसपास के क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चला रही है। पिछले दो तीन दिन में रेलवे स्टेशन पर चौकसी भी बढ़ा दी गई है, जिसमें आने-जाने वाले यात्रियों के बेग भी चेक किए जा रहे हैं। इसी तरह टीम को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि बिलासपुर शहर में खतरनाक और धारदार चाकू व हथियार बाबा धाम देवघर से लाकर अपराधिक गतिविधियों में उपयोग किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर मुख्य रूप से बिहार की ओर से बिलासपुर पहुंचने वाली आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस, बक्सर पटना से बिलासपुर आने वाली एक्सप्रेस, रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस, जसीडीह-वास्को द डिगामा एक्सप्रेस और दरभंगा से चर्लपल्ली की ओर जाने वाली एक्सप्रेस की चेकिग की गई। इसमें तोरवा पुलिस के साथ रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। अभियान में आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस में यात्रियों एवं उनके सामान की सघन जांच के दौरान घातक धारदार हथियार बरामद करने के बाद आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



युवती से अनाचार नाबालिग हिरासत में

बिलासपुर। सीपत क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगाने और उसका शारीरिक शोषण करने के मामले में पुलिस ने लड़के को हिरासत में लिया है। पुलिस ने उसे किशोर न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। सीपत क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग लड़की के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू की और 10 जुलाई को लड़की को बरामद कर ली गई। मामले में आरोपी की तलाश जारी थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नाबालिग लड़के ने लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसका शारीरिक शोषण किया था। इसके बाद मामले में बीएनएस की धारा 87, 64 और पाक्सो एक्ट की धारा 6 जोड़ी गई। करीब एक माह से फरार लड़के को 14 अगस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

बुजुर्ग महिला से 80 तोला चांदी सहित नकद की लूट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। चकरभाठा के ग्राम लिमतरी बांधा प्लाट में अकेली रहने वाली बुजुर्ग महिला के साथ अज्ञात नकाबपोश ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। गुरूवार की शाम को दीया जलाने निकली महिला के मुंह पर गमछा बांधा, पेट पर चाकू अड़ाकर करीब 80 तोला चांदी के जेवर व 2 हजार नकद लूटकर भाग निकले। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम लिमतरी निवासी पीड़िता इन्द्राबाई कौशिक ने बताया कि वह पिछले 20 साल से अकेली रहकर घरेलू काम करती है। शारीरिक कमजोरी के कारण उन्हें कम दिखाई देता है। गुरुवार शाम करीब 6 बजे वृद्धा घर और सामने स्थित मंदिर में शाम को दीप जलाकर जैसे ही आंगन में निकली। इस दौरान मुंह पर गमछा बांधे एक दुबला-पतला अज्ञात युवक वहां आ धमका। आरोपी ने बुजुर्ग से रुपए और कीमती सामान की मांग की। जैसे ही बुजुर्ग ने विरोध किया उसके चेहरे व मुंह को गमछे से बांध दिया। इसके बाद बुजुर्ग को जोर का धक्का देकर आंगन में पटक दिया। पेट पर चाकू अड़ा कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद महिला के दोनों हाथों से 20 तोले की चांदी की चूड़ियां निकाल ली। फिर आरोपी ने करधन मांगा तो महिला ने नकली होने का बहाना बनाया। इसके बाद भी लूटेरे ने 60 तोले का चांदी का करधन भी उतार लिया।

- लूटने के बाद पीछे के रास्ते से भागा लुटेरा
- चकरभाठा के लिमतरी गांव में की घटना

जान बचाने के लिए महिला ने घर में रखे कैश भी उसे सौंप दिया। इसके बाद आरोपी घर के पीछे से खेत के रास्ते भाग निकला। पुलिस शिकायत के बाद जांच में जुट गई है।



6 बसों में 285 विद्यार्थियों को तीन रूटों पर कराया गया भ्रमण

इंजीनियरिंग छात्रों ने किया तालागांव, मल्हार मंदिर का शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थान सीजीआईटी बिलासपुर में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई नई दिल्ली के दिशा-निर्देश पर प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्रों के लिए द्वि-साप्ताहिक इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज में इंडक्शन कार्यक्रम के चौथे दिन शुक्रवार को प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्थानीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में कालेज के विभिन्न विभागों के प्रथम वर्ष के 261 विद्यार्थी तथा 24 छात्र स्वयंसेवक सहित कुल 285 प्रतिभागी शामिल हुए। विद्यार्थियों को 6 बसों के माध्यम से तीन निर्धारित मार्गों में विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया। रूट-1 के अंतर्गत विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बोदरी तथा जिला एवं सत्र न्यायालय, बिलासपुर का भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को तालागांव पुरातात्त्विक स्थल का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों ने सेंट्रल लाइब्रेरी एवं बिलासपुर इन्क्यूबेशन सेंटर तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट अशोक नगर का भ्रमण किया। इसके बाद मल्हार मंदिर एवं पुरातात्त्विक स्थल का भ्रमण कराया गया। रूट-3 के अंतर्गत विद्यार्थियों को रामकृष्ण आश्रम, कोनी, वृद्धाश्रम एवं पुलिस लाइन क्षेत्र तथा इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भ्रमण कराया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने कानन पेंडारी जूलॉजिकल गार्डन का भ्रमण किया। स्थानीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को संबंधित स्थलों की उपयोगिता, कार्यप्रणाली, ऐतिहासिक एवं सामाजिक महत्व तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त हुई। कालेज के प्राचार्य डॉ. एसके सिंघई एवं डॉ. अवनीश उपाध्याय ने आभार जताया।



रतनपुर की प्राचीन बावली में मिली युवक की लाश

बिलासपुर। रतनपुर थाना क्षेत्र के जूना शहर वार्ड क्रमांक 15 में शुक्रवार सुबह उस समय दहशत मच गई, जब घर के पास स्थित प्राचीन बावली में एक 20 वर्षीय युवक की लाश पानी में तैरती मिली। मृतक की पहचान जगदीश पोर्ते पिता जगत पोर्ते के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बावली से बाहर निकलवाकर जांच शुरू की।

रतनपुर टीआई निलेश पांडेय ने बताया कि हरेली पर्व की रात जगदीश नशे की हालत में घर पहुंचा था। इस दौरान किसी बात को लेकर उसका परिजनों से विवाद हो गया। विवाद के दौरान ही वह घर से निकल गया। देर रात तक उसके वापस नहीं लौटने पर स्वजन को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। स्वजन और आसपास के लोग रात से ही संभावित स्थानों पर उसकी खोजबीन कर रहे थे। शुक्रवार को घर से कुछ ही दूरी पर स्थित बावली के पास लोगों की नजर पानी में तैरती लाश पर पड़ी। इसकी सूचना तत्काल परिजन और पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को बाहर निकला गया और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों का बयान लेकर सभी संभावित कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकता है।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. धर्मजीत सिंह
विधायक- तखतपुर
सौजन्य
जनपद पंचायत, तखतपुर
डॉ. माधवी वस्त्रकार
अध्यक्ष- जनपद पंचायत, तखतपुर
संतोष वस्त्रकार
अध्यक्ष प्रतिनिधि- जनपद पंचायत, तखतपुर
राकेश तिवारी
उपाध्यक्ष- जनपद पंचायत, तखतपुर


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मंडल अध्यक्ष गण
गोविंद साहू
अभय कौशिक
प्रताप जायसवाल
शिवेन्द्र कौशिक
अभ्युदय तिवारी
अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, तखतपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सावन तामकार
प्रदीप तामकार
सेवादल- प्रदेश संयोजक


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
दिनेश कौशिक
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, कुंआ
निरंजन कौशिक
संस्था प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, कुंआ


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रकाश धनकर
संस्था प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, जरौंधा
चंद्रशेखर पाण्डेय
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, जरौंधा


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
दीपक कुमार गुप्ता
विकासखंड शिक्षा अधिकारी, तखतपुर


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
उमेश कुमार साहू
बी.एम.ओ., तखतपुर
सौजन्य- खण्ड चिकित्सा अधिकारी, तखतपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नेहा फ्लाई एश ब्रिक्स
खपरी, तखतपुर मो. 6264098485, 9893197631
भोलू अग्रवाल


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मधु कौशिक
सरपंच- ग्राम पंचायत, हरदी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गुरूकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तखतपुर
श्रद्धा ठाकुर
प्रधानाचार्य
अरविंद कुमार पाण्डेय
प्राचार्य
अवधेश सिंह ठाकुर
डायरेक्टर


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सौजन्य से : मे. बड़माता कंस्ट्रक्शन पंडरिया


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
धर्मजीत सिंह
विधायक तखतपुर
शिवकुमार साहू
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, तखतपुर
अरूण सिंह तोमर
संस्था प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, तखतपुर


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
15 अगस्त
शिव शिवहरे
शिवांक शिवहरे
शिवशंकर एग्रो इंडस्ट्रीज
माँ भगवती एग्रो इंडस्ट्रीज
नगोई, तखतपुर


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
गरीबा यादव
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, बेलपान
दुष्यंत सिंह बैस
संस्था प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, बेलपान


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
धनुष सिंगरौल
संस्था प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, गिरधौना
प्रेम सिंगरौल
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, गिरधौना


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रमोद सिंह ठाकुर
महामंत्री, भाजपा मंडल तखतपुर
विधायक प्रतिनिधि
जनपद पंचायत तखतपुर


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री अमोल हॉस्पिटल
Dr. Deepak Jangre (Ortho Surgeon)
Dr. B. Hemalatha (Gynecologist)
Dr. Archana Jangde (Gynecologist)
Dr. Satyajeet Das (Physiotherapist)
पता - मोढ़े मार्ग, गैस गोदाम के पास, तखतपुर


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती पत्रिका नीलकमल कुर्रे
सरंपच, ग्राम पंचायत, गुनसरी


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
रामकुमार टण्डन
पूर्व सरपंच
ग्राम पंचायत, बीजा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सावित्री कौशिक
सरपंच
ग्राम पंचायत सम्बलपुरी
राजेश कौशिक
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सम्बलपुरी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सत्यभामा साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत सिलतरा
सुनील साहू
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सिलतरा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मीना दिवाकर
सरपंच
ग्राम पंचायत सोनबंधा
विवेकानंद दिवाकर
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सोनबंधा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रामकुमार यादव
सरपंच
ग्राम पंचायत विजयपुर
पुरूषोत्तम साहू
उप सरपंच
ग्राम पंचायत विजयपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुमित्रा बाई साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत जरेली
उमाशंकर साहू
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत जरेली


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
हरदेव कश्यप
सरपंच-ग्राम पंचायत टिकरी
श्रीमती संगीता राजेश साहू
उप सरपंच-ग्राम पंचायत टिकरी
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत टिकरी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
15 अगस्त
ईतवारी मरावी
सरपंच- ग्राम पंचायत बेलसरा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पूजा बरेठ
सरपंच
ग्राम पंचायत मोढ़े
प्रमोद बरेठ
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत मोढ़े


सप्तम पुण्यतिथि
आज 15 अगस्त 2025 को
पूज्य पिताजी
स्व. श्री होतूमल कारड़ा जी
की
सप्तम पुण्यतिथि
पर श्रद्धासुमन
अर्पित करते हैं...
श्रद्धावनत
स्व. श्री होतूमल कारड़ा जी
कारड़ा परिवार, तखतपुर


स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
टेकचंद कारड़ा
दिलीप तोलानी
जितेन्द्र शुक्ला
राजू सिंह ठाकुर

खबर संक्षेप

ढबापारा में सामूहिक हनुमान चलीसा पाठ



मल्हार। नगर के ढबापारा में युवा टीम ने मंगलवार की शाम सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। यह धार्मिक कार्यक्रम क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक माहौल को बढ़ावा देने के लिए आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय युवाओं और निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पंडित गणेश राजू तिवारी ने कहा कि युवाओं को आध्यात्मिकता और सकारात्मकता की ओर बढ़ते देखना समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम है। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ न केवल मानसिक शांति देता है, बल्कि युवाओं में एकता, अनुशासन और अच्छे संस्कारों का संचार भी करता है।

पथरिया थाना प्रभारी देवांगन ने संभाला पदभार



पथरिया। मुंगेली पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार बुधवार को टीआई पवन कुमार देवांगन ने पथरिया थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण अपनी प्राथमिकता बताया। टीआई देवांगन ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। अपराधों पर नियंत्रण के साथ-साथ पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वहीं, पूर्व थाना प्रभारी गिरजा शंकर यादव नगर थाने में यथावत पदस्थ रहेंगे।

कल्चुरी कलार समाज ने गौरेला में चलाया पौधरोपण अभियान



पेंड्रा। जिला कलेक्टर विजय.दयाराम के. के आह्वान पर जिलेभर में हरेली पर्व के अवसर पर वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कल्चुरी कलार समाज ने जिलाध्यक्ष संदीप जायसवाल (मंजू) के नेतृत्व में गौरेला में प्रथम चरण का पौधरोपण अभियान चलाया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में अरुणा गणेश जायसवाल, ज्योति भारत राय, डॉ. प्रवीण राय, रिंकी विवेक जायसवाल, चित्राणी संदीप जायसवाल, ममता प्रदीप जायसवाल, मोनिका रवि जायसवाल, ऋतु अमित जायसवाल, प्रीति चिंटू जायसवाल, अंकिता रवि जायसवाल, सुमित्रा जायसवाल, अशोक जायसवाल, मनीष जायसवाल, चंदा जायसवाल, पिंकी जायसवाल, अंजू जायसवाल, मोनिका जायसवाल, जनपद सदस्य संजय जायसवाल और पूर्व पार्षद राहुल जायसवाल सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

धनगांव में संवरेगा बालिकाओं का स्वास्थ्य और सम्मान



मुंगेली। ग्राम पंचायत धनगांव (च) में बालिका शौचालय निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रामकमल परिहार, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं ग्राम रोजगार सहायक सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। बालिकाओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। स्वच्छता, सम्मान और बेहतर सुविधा की ओर ग्राम पंचायत धनगांव (च) का एक और सार्थक कदम।

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व अंचल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीदों को किया गया याद

देश की आन, बान और शान का प्रतीक है तिरंगा

स्वयंसेवकों ने जगाया देशभक्ति का जज्बा



सेतगंगा/मुंगेली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "हर घर तिरंगा" रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा देशभक्ति से ओत–प्रोत विभिन्न नारे एवं स्लोगन लगाए गए तथा लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम डॉ मनोज सिन्हा, एनएसएस नोडल अधिकारी मुंगेली डॉ नरोत्तम पुरले एवं विद्यालय की प्राचार्य डॉ पूर्णिमा मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता पीके घिर्रे, कमलेश भास्कर, कविता उपाध्याय, झरोखालाल मीरी, सुखचंद पाटले एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। प्रहलाद घिर्रे ने कहा कि रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं स्वयं सेवकों ने राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के सम्मान का संदेश जन–जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामबाबू मिश्र ने सभी स्वयं सेवकों को राष्ट्रध्वज के सम्मान, राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता के महत्व के संबंध में समझाया तथा सभी स्वयंसेवकों के साथ देशभक्ति का नारा लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

लोरमी में युवाओं ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश



लोरमी। छत्तीसगढ़ भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आह्वान पर देशभक्ति एवं राष्ट्रगौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान के तहत विधानसभा के ग्राम मेघापारा, गोलहापारा एवं घठोली में तिरंगा यात्रा एवं जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनय साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष अशवंत कुमार साहू, गणेश साहू, संतोष तिवारी,फागुराम यादव, रामनारायण साहू, बृजलाल साहू, प्रदीप गायकवाड़, रामकुमार साहू, गेंदलाल साहू, शंकर साहू, दिनेश तिवारी, राकेश निषाद, विनोद साहू, पुष्पेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, प्रदीप साहू, डगर साहू, गौरकरण साहू, पुनाराम पटेल, सागर साहू, सतीश साहू, रवि यादव, अजय साहू, शंकरसाहू, जय साहू, दिनेश तिवारी, रमेश यादव, मनोज साहू, दिलेश साहू, नरेश साहू एवं किशन यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बारिश के बीच निकली तिरंगा बाइक रैली



मल्हार। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर शुक्रवार को मल्हार मंडल के समस्त मोर्चों द्वारा भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली का शुभारंभ मल्हार से हुआ, जो बैटरी, जैतपुर, बूढ़ीखार, चकरबेड़ा होते हुए पचपेड़ी तक पहुंची। बाइक रैली में शामिल कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे।रैली के दौरान भारी बारिश होती रही, लेकिन बारिश भी कार्यकर्ताओं के उत्साह और देशभक्ति के जज्बे को नहीं रोक सकी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनायकों के त्याग एवं बलिदान की याद दिलाता है, जिनके संघर्ष के कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। तिरंगा बाइक रैली के माध्यम से युवाओं एवं नागरिकों को राष्ट्र के प्रति समर्पण, एकता और जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। रैली ने पूरे मल्हार मंडल में राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम का वातावरण निर्मित किया।

शहीदों के बलिदान को किया याद, रोपे पौधे



मल्हार। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिवार द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा निकली गई। प्राचार्य वेदप्रकाश शुक्ला ने शाला परिवार के बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान तथा उसके महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एकमात्र झंडा नहीं है इसके पीछे प्रत्येक हिंदुस्तानी नागरिकों का सम्मान का यह तिरंगा प्रतीक है। हमको उनका सम्मान करके तीनों रंगों के बारे में जो संदेश मिलता है उसको अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों को नशा मुक्त होने तथा पर्यावरण को सुरक्षित करने का प्रतिज्ञा दिलाई। तिरंगा यात्रा रैली को यादगार बनाने के लिए शाला परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार के शिक्षकों में जगदीश तिवारी, संजय दुबे, अनिल बंजारे, रवि देवांगन, राजेंद्र नेताम, संदीप वैष्णव, सत्येंद्र जगत, रश्मि गुप्ता, असलेखा राय, टिमांजलि सिंह, काजल सोन, श्वेता मौर्य, संध्या देवांगन, संगीता यादव, सिया रानी जयसवाल, बिंदु पात्रे, लता केवट, संतकुमार बानी, उदया गुप्ता, संध्या चौबे, उपासना पांडेय, शिवशंकर नागेश, कोमल प्रसाद साहू, गीता पांडेय, अकतराम सिन्हा, लक्ष्मणकांत प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शहीदों की स्मृति में निकली भव्य मशाल यात्रा



तखतपुर। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में केकती सरपंच एवं सरपंच संघ तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मशाल यात्रा निकालकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह ने कहा कि जब देश के लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा की चुनौती हमारे सामने है, तब शहीदों को याद करना केवल रस्म नहीं, बल्कि उनके विचारों और संघर्षों को आगे बढ़ाने का संकल्प है। जिस आजादी के लिए हमारे वीरों ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा, उस आजादी की आत्मा न्याय, समानता, भाईचारा और लोकतंत्र को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर परकृष्ण सिंह, देवेंद्र यादव, लक्ष्मण कौशिक, अमृत कौशिक, सुरेश कौशिक, अमित यादव, प्रमोद, गोकरण, जमुना शंकर, तुलसी, छेदी कौशिक, हरिचरण दास वैष्णव, द्वारिका, विजय, शिवदयाल, विनोद,संजय, दुर्गा, कोमल, आनंद पांडे मनमोहन, बरातु, घुराऊ शामिल हुए।

छात्राओं ने तिरंगा रैली से दिया देशप्रेम का संदेश



तखतपुर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं और शिक्षकों ने नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। जो राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम् तथा जय हिंद के नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। यात्रा के दौरान छात्राओं ने नागरिकों को राष्ट्रध्वज के सम्मान, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन-बान और शान का प्रतीक है। इसके तीनों रंग हमें त्याग, शांति, समृद्धि और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते हैं। तिरंगा यात्रा में बलिराम सूर्यवंशी, आमोद एकका, गिरधारी वैष्णव, मिनाज खान, रश्मि मिश्रा, कामिनी गुप्ता, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, पारुल यादव, माहेश्वरी सिंह, संदीप ध्रुव, पुष्पेंद्र दुबे, अंकित विश्वकर्मा, मयंक यादव, स्वीटी सिंह, स्वेता, प्रिया, प्रार्थना, अंशिका, प्रियांशी सहित अन्य शामिल हुए।

108 फीट तिरंगे के साथ युवाओं में दिखा देशभक्ति का जज्बा



सीपत। भारतीय जनता युवा मोर्चा, सीपत मंडल द्वारा गुरुवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ नवाडीह पेट्रोल पंप से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड, सीपत पहुंचकर संपन्न हुई।

यात्रा में 108 फीट का विशाल तिरंगा आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में युवाओं, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भारत माता के जयकारों एवं राष्ट्रभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इसी क्रम में शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीपत के महाविद्यालय परिवार द्वारा भी तिरंगा यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सीपत बालक संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास एवं कन्या संकुल समन्वयक प्रमोद पाण्डेय द्वारा भी तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष दिलेंद्र कौशिल, राजवर्धन कौशिक, नागेश्वरी साहू, दीपक शर्मा, सतीश चंद्र पाटनवार, हरिकेश गुप्ता, ढोलाराम केवट, मदनलाल पाटनवार, सरस्वती सोनवानी, नंदनी साहू, नारायण साहू, सुरेश पटेल, शशिकांत साहू, सुशील साहू, ललित यादव, जयशंकर साहू, उमेश पाटनवार, वैभव तंबोली, मिथलेश श्रीवास, ओम प्रकाश साहू, ओम पाटनवार सहित अन्य मौजूद थे।









स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Fast Forward
Wardrobe
Telephone Exchange Road, Bilaspur Ph.07752-407454

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
RERA No. PCGRERA090126002022
नक्शा से निर्माण तक
प्लानिंग
डिजानिंग
सुपरविजन
कंस्ट्रक्शन
हरीश सिंह क्षत्रीय
अपने सपनों का घर, विश्वनीय निर्माण के साथ
माँ गायत्री कंस्ट्रक्शन
टी एन सी रेरा अप्रूव्ड प्रोजेक्ट
एच.पी. परिसर, मंगला, दीनदयाल कॉलोनी रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें: 9893137002

A Brighter future starts with the right foundation
KIDS FUN CLUB
Back to fun school...
ISO Certified GCS/QMS/6692
Mrs. Kshama Singh
Director
Admission Open For Session 2026-27
LEARNING BENEFITS
Indoor Outdoor Play Area
Educational Games
Smart Class • Activity Room
Daily Yoga/Dance
Attractive Rhyming Session
Snacks Facility
Fully Equipped Classrooms
Small Student-teacher Ratio
Loving, Caring Atmosphere
CCTV Camera surveillance
Supportive and caring Teachers and Staff
Air Conditioning (AC) Rooms
Transport Facility Available
PRE TOTS (Playgroup)
TOTS (Nursery)
JUNIORS (L.K.G)
SENIORS (U.K.G)
Day Care
Admission free For Few days
Every child can learn
BLOSSOM
Special school ... for Special Need Children
Autism, Down Syndrom, Celebral Palsy, Special Education, Speech Therapy, Occupational Therapy Physiotherapy, ABA,CDP,Toilet Training
BLOSSOM SPECIAL KIDS SCHOOL COMPLETE HOSTEL FACILITY WITH FOOD
A/11 Nature City, Sakri, Uslapur, Bilaspur (C.G.)
7999849239, 8871367995, 9625723120

वंदे मातरम
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
आलोक सिंह
राष्ट्रीय समन्वयक
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
किसान कांग्रेस (प्रभारी कर्नाटक)
संयुक्त महामंत्री-प्रदेश कांग्रेस कमेटी (छ.ग.)
प्रदेश प्रतिनिधी (छ.ग.)

स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं,
यह जिम्मेदारी भी है।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आओ मिलकर देश का निर्माण करें,
एक बेहतर और विकसित भारत का संकल्प लें।
अंजनी बिल्डकॉन
विश्वास, निर्माण, समर्पण
भवन निर्माण कार्य की दरें
1450
RS./SQFT
से शुरू
मजबूत निर्माण
समय पर कार्य पूर्ण
ईमानदारी हमारी पहचान
उत्तम क्वालिटी हमारा वचन
Nikhil Tower Shop no.27,
Seepat Main Road, Mopka
Bilaspur, Chhattisgarh
6261962696 / 9827209827



YADAV & ASSOCIATES
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
वंदे मातरम
Er. R.L.YADAV
YADAV & ASSOCIATES
OFFICE -Baima-Nagoi Road Khamtarai, Bilaspur (C.G.)
Mo. 9301292406, 07752-434953

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS
स्वतंत्रता
हमारा अभिमान
"आज़ादी सिर्फ एक दिन का उत्सव नहीं,
यह उन वीरों के त्याग का सम्मान है
जिनकी बदौलत हमें खुली हवा में
सपने देखने का अधिकार मिला!"
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
आओ मिलकर करें यह प्रण,
स्वच्छ भारत, समृद्ध भारत, सशक्त भारत!
राजेन्द्र सिंह राजपूत
डायरेक्टर
Contact for Site Visit & Booking :
6264883066, 7470886613
Red. Office:
Behind High Court,
Chhatauna Road, Bilaspur (C.G.)

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
SHOURYA CONSTRUCTION
रेडी पजेशन में मकान आपके अपने क्षेत्र में उपलब्ध
श्यामा रेसीडेंसी के पास, अमेरी
हाफा में मकान व प्लाट हेतु संपर्क करें।
स्मार्ट सिटी बिलासपुर के सन सिटी शुभम विहार,
36 मॉल के पास, आदर्श विहार में मकान उपलब्ध।
मोपका में घी-कुण्ड तालाब के सामने TNC कॉलोनी
खमतराई रोड में टीएनसी कॉलोनी रेरा एप्रुव्हड
शुभम विहार सनसिटी के पीछे आदर्श विहार
(सभी शासकीय मानकों के अनुरूप)
Faleshwar Prasad
90% तक फायनेंस उपलब्ध
न्यू गीता पैलेस के पास, गोकुलधाम रोड, उस्लापुर, बिलासपुर (छ.ग.)
Mob.: 9301332866, 9907956516

Affiliated To CBSE Delhi - 3330385
HOLY CROSS SEN. SEC. SCHOOL
ADMISSION OPEN 2026-27
NURSERY TO CLASS IX & XI
(Science, Commerce and Humanities)
Competitive Examination
Such as Olympiads are Conducted to Enhance Students Academic Excellence.
OUR ATTRACTIONS
Looking for a School that Nurtures Excellence, Creativity, and Leadership?
HOLY CROSS SENIOR SECONDARY SCHOOL
BUS FACILITIES ARE AVAILABLE
STRONG FOCUS ON ACADEMICS AND EXTRACURRICULAR.
EXPERIENCED AND DEDICATED FACULTY
SAFE AND SUPPORTIVE LEARNING ENVIRONMENT.
SMART CLASSROOMS & MODERN FACILITIES.
PERSONALIZED ATTENTION FOR EVERY STUDENT.
Opp. Chouksey Eng. College, Lalkhadan, Bilaspur
8463057366, 9301995351

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री मंगलम् रिसॉर्ट
बस स्टॉप सेंदरी, कोनी-बिलासपुर (छ.ग.)
आपके बजट में सर्व सुविधायुक्त मंगल भवन, शादी, पार्टी, जन्मदिन, पिकनिक, किटी पार्टी, सामाजिक समारोह, राजनैतिक पार्टी, बैठक, कंपनी मीटिंग आदि सभी कार्यों हेतु संपर्क करें
श्री हरि मंगलम रिसॉर्ट
ऊँ शिव मंगलम् रिसॉर्ट
सांई श्री मंगलम रिसॉर्ट
बनमान श्री मंगलम् रिसॉर्ट
रमतला (कोनी-सेंदरी) बिलासपुर (छ.ग.)
बनवास सदन- मकान नं. 7, विजयापुरम फेस-2, साइंस कॉलेजके सामने, सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
डॉ. जैदू साहू
गरिमा प्रॉपर्टीज़
जमीन, मकान, फार्म हाऊस विभिन्न साईजों के आवासीय व कामर्शियल प्लाटों की खरीदी-बिक्री
संपर्क करें: 09575788444, 09827973060

खबर संक्षेप

4 जुआरी पकड़े गए

बिलासपुर। तोरवा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान चौकसी बढ़ा दी है। 13 अगस्त को चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि हेमुनगर चौक में कुछ लोग भीड़ लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तोरवा पुलिस टीम सहित मौके पर घेराबंदी कर 4 जुआरी को पकड़ लिया। पुलिस ने हेमु नगर निवासी भानु नायक पिता चतुर्भूज नायक उम्र 35, रवि यादव पिता बालमुकुंद यादव उम्र 22 वर्ष, दिलीप यादव पिता स्व0 मधु यादव उम्र 35 वर्ष संदीप राव पिता सोमेश्वर राव उम्र 36 वर्ष को धरदबोचा है।

सिम्स



विनोबा नगर



बारिश से सड़कें लबालब

बिलासपुर। शुक्रवार की दोपहर हुई झमाझम बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे लोगों का घर से निकलना मुहाल हो गया। यह स्थिति पिछले दो दिनों से लगातार जारी है। शुक्रवार को हुई तेज बारिश के कारण शहर के विनोबा नगर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, पुराना बस स्टैण्ड सहित शहर के अन्य निचले इलाकों में पानी भर गया। वहीं नाली का गंदा पानी सड़क पर आ गया। यहां से गुजरने वाले लोग काफी परेशान होते रहे।

चोरीः माल खरीदने व बेचने वाले गिरफ्तार

बिलासपुर। क्रशर मिल में आधी रात को मिल के जैपलेट, रोलर, क्रशर साप्ट,टाइगर प्लेट, सहित 50 हजार का माल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था। कोटा पुलिस ने एफआईआर दर्ज होते ही चोरों की धरपकड़ शुरू कर दी थी। पुलिस को मामले में सफलता मिली और दो चोर के साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी कोटा शशिकांत भारद्वाज बताया कि रतनपुर के रहने वाले राजकुमार पिता मुरारी लाल गोयल का बाकीघाट कोटा में गोयल क्रशर मिल है। 10 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने मिल के अंदर रखे जैपलेट,रोलर, क्रेशर साप्ट,जाली साप्ट, जाली, टाइगर प्लेट,कवरिंग, साइट प्लेट सहित कई सामानों की चोरी को अंजाम दिया था। पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इस दौरान पुलिस बाकीघाट के सोनवाली तालाब निवासी रंजीत शिकारी पिता भरत शिकारी उम्र 25 वर्ष, अमृत शिकारी पिता रामायण शिकारी उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी का माल खरीदने वाली मौहारखार निवासी मालती मानिकपुरी पति कलेश राम मानिकपुरी उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सुबह छह बजे से चावल एटीएम शुरू कर देगा अपना काम

एटीएम से रात दस बजे तक चावल देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शहर के पहले चावल एटीएम को अब हितग्राहियों के लिए रात दस बजे तक खोले रखने की तैयारी की जा रही है। खाद्य विभाग के अनुसार अभी शाम छह बजे के करीब एटीएम बंद कर दिया जा रहा है, लेकिन अब इसे सुबह छह से सात बजे के आसपास प्रारंभ कर रात दस बजे तक खोले रखने पर विचार किया जा रहा है, ताकि हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय अपने कोटे का चावल प्राप्त कर सकें।

हितग्राहियों को अधिक से अधिक सुविधा देने के उद्देश्य से खाद्य विभाग अब शहर के पहले चावल एटीएम को रात दस बजे तक खोलकर रखने पर विचार कर रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि इसके सुबह चालू करने की समयावधि में भी बदलाव किए जाने की तैयारी है। विभाग ग्रेन एटीएम को सुबह छह से सात बजे तक प्रारंभ करने पर विचार कर रहा है। विभाग के अनुसार कई हितग्राही ऐसे भी हैं, जिन्हें सुबह नौ बजे के करीब अपने-अपने काम धंधे में निकलना पड़ता है, जो शाम छह बजे तक ही वापस अपने घर पहुंच पाते हैं। जिस समय वे घर से अपने काम के लिए निकलते हैं तब चावल एटीएम बंद होता है, जबकि शाम को उनके काम से लौटते ही एटीएम फिर से बंद हो जाता है। ऐसे में उन्हें अपना काम छोड़कर चावल लेने जाना पड़ता है। खाद्य विभाग ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए सुबह छह से सात बजे से एटीएम शुरू करते हुए रात दस बजे तक चावल जारी करने की तैयारी कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार बगैर अपना काम खराब किए चावल का उठाव कर सकें।

की जा रही है तैयारी

केवल बिलासपुर ही नहीं, बल्कि प्रदेश के किसी भी जिले का कोई भी हितग्राही शहर के ग्रेन एटीएम में आकर अपने कोटे का चावल ले सकता है। अब तो विभाग ग्रेन एटीएम को रात दस बजे तक खोलकर रखने की तैयारी में है, ताकि हितग्राहियों के द्वारा अपनी सहूलियत के हिसाब से खाद्यान्न प्राप्त किया जा सके।

-अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

महीनेभर से फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। मकान बनाने को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला करने वाले आरोपियो को बिल्हा पुलिस ने एक महीने बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस के डंडे और बाइक जब्त की है। दोनों आरोपी को जेल भेजा गया है।

डीएसपी राजेश जोशी ने बताया कि ग्राम डोडकी निवासी रमेश कुमार कोसले ने 13 जुलाई को थाना बिल्हा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि सुबह करीब 9 बजे के बीच घर के पास दीवार से हटाकर मकान बनाने की बात को लेकर रामू यादव, रामजीवन यादव और सोहन यादव ने एक राय होकर उसके और उसके पिता अंजोर दास के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से डंडे से हमला कर दिया, जिससे पिता-पुत्र घायल हो गए। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, वहीं घटना के बाद रामजीवन यादव और रामू यादव फरार चल रहे थे। पुलिस टीम उनकी लगातार तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने डोडकी क्षेत्र में घेराबंदी कर दोनों आरोपी को पकड़ लिया है।



24 घंटे में पकड़े गए चोरी के आरोपी

बिलासपुर। मार्निंग वॉक के लिए निकले दंपती के घर में ताला तोड़कर सोने व चांदी के जेवरात के साथ नकदी पार करने वाले चोरों को सीपत पुलिस ने धरदबोचा है। पुलिस ने चोरों से पूरा माल बरामद कर लिया है। वहीं आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

सीपत पुलिस के अनुसार खम्हरिया सुंदर लाल मैत्री पिता स्व बिहारी लाल मैत्री 11 अगस्त को रोज की तरह अपनी पत्नी के साथ मार्निंग वॉक के लिए सोंठी रोड गए थे। सुबह करीब 6 बजे दंपत्ति अपने घर पहुंचे। इस दौरान घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा मिला। अनहोनी की आशंका से दंपती जैसे ही घर में दाखिल हुए कमरे में आलमारी का लॉकर और उसमें रखे सोने का रानी हार,सोने की चूड़ी,अंगूठी, चैन, कान का टॉप्स, सोने की माला, झूमका, चांदी के पायल, बिछिया, सिक्का चोरी हो चुके थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलने पर संदेही आदित्य कुमार लहरे एवं जावेद अली को हिरासत में लिया गया। इस दौरान पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ शुरू की, जिसके बाद आरोपियों ने बताया कि वे कई दिनों से घर पर रेकी कर रहे थे, उन्हें दंपती के मॉर्निंग वॉक में जाने की जानकारी थी। घटना के दिन जैसे ही दंपति मार्निंग वाक के लिए निकले, उस दौरान आरोपी गण पीछे के दरवाजे से घुसकर घर का ताला तोड़कर घर की आलमारी में रखे जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पकड़ने जाने के डर से चोरी की आभूषणों को पुराने निमार्णाधीन मकान में छिपाकर रखा दिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही में जेवरात बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी आदित्य कुमार लहरे पिता अश्वनी लहरे उम्र 22 वर्ष, जावेद अली पिता सहबान अली उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आर्म्स एक्ट मामले में आपराधियों की धरपकड़

बिलासपुर। अड्डेबाजों एवं असामाजिक तत्वों की लगातार चेकिंग एवं निगरानी की जा रही है। स्वतंत्रता दिवस के पहले क्षेत्र में तोरवा पुलिस की मुस्तैदी देखी गई। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते 4 असामाजिक तत्वों को धारदार चाकू के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। और लालखदान निवासी ललित वर्मा पिता जीवन लाल वर्मा, उम्र 28 वर्ष, अर्जुनी भाठापारा निवासी रूपेश यादव पिता सुरेश यादव, उम्र 19 वर्ष, चिंगरापारा निवासी राकी यादव पिता लक्ष्मण यादव, उम्र 18 वर्ष और रामनगर, लिगियाडीह निवासी नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है।



